**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3649**
**दिनांक 17 दिसम्बर, 2024/ 26 अग्रहायण,1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**सीआईएसएफ में महिला बटालियन**

**†3649. श्री तापिर गाव:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की महिला बटालियन, जो इस बल में केवल महिला कर्मियों की अपनी तरह की प्रथम महिला बटालियन है, की प्रमुख विशेषताएं क्या है; और**

**(ख) महिला बटालियन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों और भर्ती प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) सीआईएसएफ में महिला बटालियन की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

(i) वरिष्ठ महिला कमांडेंट के नेतृत्व में महिला रिजर्व बटालियन में विभिन्न रैंक की नफ़री 1025 है।

(ii) महिला रिजर्व बटालियन हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो, सरकारी भवन सुरक्षा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आदि में सुरक्षा कर्तव्यों के लिए महिलाओं की परिचालन आवश्यकता को पूरा करेगी।

(iii) बल में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में वृद्धि।

(iv) ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करना, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा उसे सौंपे जाएं।

(ख) सीआईएसएफ कर्मियों के विभिन्न रैंकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, अवधि और पाठ्यक्रम अनुमोदित मानदंडों के अनुसार किए जाते है।

महिला बटालियन की विभिन्न रैंकों की भर्ती उनके भर्ती नियमों के अनुसार सीधी भर्ती या पदोन्नति के माध्यम से किया जाता है।

*******